P>**Title:** Need to take steps for conversion of Swaroopsar − Sriganganagar railway line in Rajasthan from metre-gauge to broad-gauge - Laid.

श्री निहालचंद चौहान (श्रीगंगानगर): मेरे लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर (राज.) की स्वरूपसर से श्रीगंगानगर की मीटर गेज लाइन 127 किलोमीटर की दूरी पर है। सीमान्त क्षेत्र में यह एकमात्र लाइन मीटर गेज है। सुरक्षा की दृटि से रक्षा विभाग के लिए भी यह लाइन ब्रॉडगेज होना बहुत जरूरी है। महोदय, यह दो बार बजट में भी इस लाइन को ब्रोडगेज में परिवर्तन के लिए रखा गया, पर आज तक इसे वित्तीय स्वीकृति प्रदान नहीं की।

मेरा अनुरोध है कि इस लाइन को ब्रॉड गेज में परिवर्तन करने की अनुमति शीघ्र प्रदान करें।